विश्व पशु स्वास्थ दिवस

विश्व पशु स्वास्थ दिवस के तत्वधान में केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान संस्थान मथुरा द्वारा पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित बकरी विकास परियोजना के अंतर्गत ग्राम कचोरा ब्लॉक अछनेरा जिला आगरा में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा मनीष कुमार चेटली, निदेशक ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन के महत्व और किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक विधि से पशुपालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा स्वस्थ पशु एक स्वस्थ परिवार की नीव रखता है साथ ही परिवार की आमदनी बढ़ाने में भी योगदान करता है। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डा अनुपम कृष्ण दीक्षित ने बकरी विकास पर किए जा रहें कार्यों की प्रगति रिर्पोट प्रस्तुति की। इस अवसर पर अछनेरा ब्लॉक के पांच गांवों कचोरा, मगुरा, कथवारी, जनूथा और बस्तई से आए लगभग 110 बकरी पालकों ने भाग लिया। स्वास्थ शिविर में गावों से बड़ी संख्या में आई बकरियों में टीकाकरण, परिजीवी नाशक दवाई, उनका उपचार एवं बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान किया गया। सभी बकरी पालकों को बकरी स्वास्थ किट, मिनरल मिक्सचर और तकनीकी साहित्य प्रदान किया गया। किसानों को परियोजना से जुड़े वैज्ञानिकों द्वारा वैज्ञानिक बकरी पालन पर जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर आगरा एवं फिरोजाबाद के जिला विकास अधिकारी नाबार्ड श्री विशाल आनंद, अछनेरा ब्लॉक के पशु चिकित्सा अधिकारी डा गजेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान श्री कुंवर सिंह, नाबार्ड परियोजना के सह अन्वेषक डा एम के सिंह, डा रविन्द्र कुमार, डा आर पुरुषोत्तम, डा रवि रंजन, डा नितिका शर्मा, डा के गुरुराज, डा विजय किशोर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थिति रहे।